54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 25.6°c अधिकतम 29.3 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:51, सूर्यास्त - 6:51 | वर्ष : 54/ अंक : 232 | रविवार, 23 अगस्त 2026 | श्रावण, शुक्ल पक्ष, एकादशी | सम्वत 2083 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

**|| अमृतवाणी ||**

पैसे कमाएं या नहीं, दुआएं जरूर कमाएं; उससे झोपड़ी में भी महल जैसा सुकून मिलता है।

पी का मतलब पाकिस्तान तो बीजेपी का मतलब भाग जाओ पाकिस्तान : अखिलेश यादव



जीत हो अच्छी तो अच्छी मात होनी चाहिए...बात हो बेकार उसमें बात होनी चाहिए....

# सरकार के हाथों में रहेगी स्टॉक रखने वालों की 'डोरी', तो एक सप्ताह में ही सस्ती हो जाएगी चीनी की 'बोरी'

**मुजफ्फरनगर, 22 अगस्त (बु.)।** समय रहते चीनी के रेट नियंत्रण में करने के लिए योगी सरकार ने जो आदेश जारी किए हैं, वह वास्तव में प्रशंसनीय हैं। प्रशंसनीय इसलिए हैं कि पिछले कई वर्षों में सरकार ने महंगाई के नियंत्रण पर किसी प्रकार का कोई ध्यान नहीं दिया मगर अब अगले चंद महीनों में चुनाव आने की बारी है, इसलिए किसी भी चीज की महंगाई को नजरअंदाज करना सरकार को भारी पड़ सकता है। पिछले दस दिनों में चीनी ने जिस तरह हर घर, हर मिठाई की दुकान और मीठे से बनने वाली हर खाद्य वस्तु में जहर घोलने का काम किया है, वह शायद कभी भी नहीं हुआ। कभी प्याज के दामों ने रुलाया तो कभी टमाटर की महंगाई ने उपभोक्ताओं के गाल किये सुर्ख, मगर चीनी ने अपनी कड़वाहट पहली बार हर जुबां पर घोलने का काम किया है। 59 रुपये से 66 रुपये तक का महंगाई का सफर जो चीनी ने तय किया, उससे आमजन के मुंह पर भाजपा सरकार की बुराई साफतौर पर सुनी जाने लगी। अच्छी बात यह रही कि पिछले तीन दिनों में जैसे ही आमजन के बीच चीनी को लेकर हा-हाकार मचा तो उत्तर प्रदेश सरकार ने हाथोंहाथ इस पर कड़ा एक्शन लेते हुए आदेश जारी किये कि यूपी में चीनी की कोई कमी नहीं है और जमाखोरी की तो खैर नहीं। जैसे ही प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक्शन मोड में आए तो मुजफ्फरनगर में कूकड़ा मंडी में दिन निकलते ही छापामारी का दौर शुरू हो गया। हालांकि जिन दुकानों पर छापामारी की गयी, उन पर किसी भी प्रकार की कोई गड़बड़ नहीं पाई गयी, जिसमें मैसर्स बिशम्बर दयाल सूरजभान, मैसर्स रिसाल सिंह श्रीनिवास, मै. किशनचंद विष्णु कुमार चीनी के कारोबारी शामिल रहे। स्टॉक चेक करने वाली टीम में जिलापूर्ति अधिकारी व जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रवीण कुमार श्रीवास्तव मौजूद रहे। प्रवीण कुमार श्रीवास्तव से हुई बातचीत में उन्होंने बताया कि सरकार की मंशा के अनुरूप उन्होंने दिन निकलते ही छापामार कार्रवाई की, मगर अच्छी बात यह रही कि स्टॉक मिलान में पहली बार ऐसा हुआ कि किसी प्रकार की कोई अनियमितता स्टॉक रखने वाले व्यापारियों से नहीं मिली। अग्रिम कार्रवाई करते हुए लगातार इसी प्रकार स्टॉक मिलान का कार्य जारी रहेगा और आज की तीनों फर्मों का विवरण जिलाधिकारी को प्रेषित कर दिया गया है।



## चॉकलेट, टॉफी, बिस्किट, मिठाई आदि के रेट बढ़ाने के सपने भी फैक्ट्रियों के रह गए अधूरे

**मुजफ्फरनगर।** जब भी देश में महंगाई बढ़ती है, तो इस देश के लोगों की संस्कृति बन चुकी है कि किस तरह से आपदा में अवसर ढूंढा जाए। उदाहरण के तौर पर पेट्रोल 2 रुपये लीटर महंगा होता है तो ट्रैवलिंग एजेंसी उपभोक्ताओं की जेब काटने के लिए 1 से 2 रुपये प्रति किलोमीटर की दर बढ़ाने की सोच लेते हैं, ठीक इसी प्रकार चीनी के दामों की बढ़ोतरी पर भी हुआ। जैसे ही चीनी के दाम बढ़े तो टॉफी, चॉकलेट, कोल्डड्रिंक, मिठाई आदि पदार्थ बनाने वालों ने महंगाई का रोना रोकर बाजार में माल देना ही कम कर दिया। माल कम देने का कारण यह था कि अभी चीनी के दाम में और बढोतरी होगी, ऐसे में या तो पैकेजिंग सामानों की मात्रा घटाई जाएगी या फिर रेट बढ़ाए जाएंगे। मगर सरकार के हाथोंहाथ संज्ञान लेने के बाद फैक्ट्री मालिकों के सपने अधूरे रह गए और अब विधिवत पहले जैसे रेटों पर उपभोक्ताओं को सामान उपलब्ध कराया जायेगा।

## जमाखोरी पर रहेगी लगाम, इस तरह चीनी का इम्पोर्ट करके चंद दिनों में कम होंगे दाम

**मुजफ्फरनगर।** चीनी की महंगाई से मची हा-हाकार के बीच सरकार जल्द ही से चीनी आयात करने के लिए शुल्क हटा दिया है। आपको बता दें कि ब्राजील चीनी का सबसे बड़ा उत्पादित केन्द्र है। ऐसे ही कई देशों से चीनी सरकार के आयात शुल्क हटाने के बाद आसानी से मंगवाई जा सकती है। आपको यह भी बता दें कि इस बार चीनी की महंगाई का कारण भारत में उत्पादन कम होना माना जा रहा है, मगर जैसे ही चीनी महंगी होने की बात सरकार के कानों तक पहुंची तो सरकार ने विभिन्न प्रकर के निर्णय चीनी के रेट घटाने के हित में ले लिये हैं और माना जा रहा है कि अब अगले एक सप्ताह तक जमाखोरी करने वाले दुकानदारों को भी किसी प्रकार का कोई लाभ होने वाला नहीं है, क्योंकि जमाखोर सरकार के निशाने पर आ चुके हैं और चीनी अगले एक सप्ताह में वापस अपनी मिठास घोलती दिखाई देगी और 5-6 रुपये प्रति किलो चीनी के दाम घटने का अनुमान लगाया जा रहा है।

## रक्षाबंधन पर बहनों के साथ सहयोगी की यात्रा फ्री

**लखनऊ, 22 अगस्त (एजेंसी)।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की माताओं, बहनों और बेटियों को फ्री बस यात्रा का बड़ा उपहार दिया है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार 27 अगस्त की रात से 28 अगस्त की रात तक उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में महिलाएं अपने एक सहयोगी के साथ बिल्कुल मुफ्त यात्रा कर सकेंगी। उन्होंने परिवहन, पुलिस और प्रशासन को महिलाओं की सुरक्षित व सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के कड़े आदेश दिए हैं। इस दौरान महिला सुरक्षा के लिए 'एंटी रोमियो स्क्वाड' प्रमुख मार्गों पर सक्रिय रहेगा और बस चालकों की निगरानी की जाएगी ताकि नशे की हालत में कोई वाहन न चला सके।



## मातृत्व अवकाश को लेकर बदले नियम, दो साल के अंतर की बाध्यता समाप्त

**लखनऊ, 22 अगस्त (एजेंसी)।** राज्य सरकार ने महिला कर्मचारियों को मातृत्व अवकाश देने के नियम में बड़ा बदलाव किया है। अब मातृत्व अवकाश के लिए दो बच्चों की उम्र के बीच दो साल का अंतर होना अनिवार्य नहीं होगा। कैबिनेट बाई सकुर्लेशन शनिवार को वित्त विभाग के इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। अब तक की व्यवस्था में दूसरे बच्चे के लिए मातृत्व अवकाश का लाभ लेने के लिए दोनों बच्चों की उम्र में कम से कम दो साल का अंतर होना जरूरी था। इससे कई मामलों में महिला कर्मचारियों को मातृत्व अवकाश से वंचित होना पड़ रहा था। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने हाल ही में ऐसे ही एक मामले में दो बच्चों के बीच उम्र का अंतर दो साल से कम होने के आधार पर मातृत्व अवकाश से इन्कार करने को गलत ठहराया था और महिला कर्मचारी को मातृत्व अवकाश देने और उससे जुड़े सभी परिणामी लाभ देने का आदेश दिया था। अदालत के इस फैसले के बाद राज्य सरकार ने मातृत्व अवकाश के नियम में मौजूद दो साल के अंतर की बाध्यता को ही समाप्त करने का निर्णय लिया है। सरकार के इस फैसले से अब दो बच्चों के बीच उम्र का अंतर दो साल से कम होने पर भी पात्र महिला कर्मचारी को मातृत्व अवकाश मिलने का रास्ता साफ हो गया है। इससे मातृत्व अवकाश से जुड़े मामलों में अनावश्यक विवाद भी कम होंगे।

### प्रदेश के 3.50 लाख रसोइयों को तोहफा, 1000 रुपये बढ़ा मानदेय

प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में बच्चों के लिए भोजन तैयार करने वाले 3.50 लाख रसोइयों को बड़ा तोहफा मिला है। सरकार ने उनका मानदेय 1000 रुपये बढ़ाने का निर्णय लिया है। कैबिनेट बाई सकुर्लेशन मानदेय बढ़ाने को मंजूरी दी गई है। अब उन्हें हर महीने (साल में 10 महीने) 3000 रुपये मानदेय सितंबर से लागू किया जाएगा। रसोइयों को पहले एक हजार रुपये मासिक मानदेय दिया जाता था। 2019 में इसे बढ़ाकर 1500 रुपये किया गया और 2022 में मासिक मानदेय बढ़ाकर 2000 रुपये कर दिया गया था। रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रसोइयों को कैशलेस चिकित्सा कार्ड का भी वितरण करेंगे।

## यूपी में चीनी की कमी नहीं: 'जमाखोरी की तो खैर नहीं', योगी बोले- सभी जिलों में डीएम गोदामों का कराएं सत्यापन

**लखनऊ, 22 अगस्त (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में चीनी की उपलब्धता को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को समीक्षा की। उन्होंने प्रदेशवासियों को आश्वस्त किया कि राज्य में चीनी की पर्याप्त उपलब्धता है और आमजन को परेशान होने की जरूरत नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चीनी की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। जरूरत पड़ने पर चीनी मिलों का संचालन 15 अक्टूबर से शुरू करने के भी निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री को बताया गया कि प्रदेश की चीनी मिलों में कुल 179.38 लाख कुंतल चीनी उपलब्ध है। इसमें सहकारी चीनी मिलों में 23.60 लाख कुंतल, निगम की चीनी मिलों में 5.28 लाख कुंतल और निजी चीनी मिलों में 150.50 लाख कुंतल चीनी का भंडार है। जून और जुलाई में चीनी मिलों ने 235 लाख कुंतल चीनी की बिक्री की। इसमें से अधिकांश चीनी अभी भी खुले बाजार में उपलब्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आवश्यकता के अनुसार 15 अक्टूबर से चीनी मिलों को संचालित किया जाए, ताकि बाजार में आपूर्ति प्रभावित न हो। मुख्यमंत्री ने आमजन से अपील की कि चीनी की कमी की अफवाह फैलाने वालों से सावधान रहें। उन्होंने अधिकारियों को चीनी की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। भारत सरकार के निर्देशों का हवाला देते हुए बताया गया कि कोई भी डीलर 30 दिन से अधिक का चीनी स्टॉक नहीं रख सकेगा। एक समय में 400 टन से अधिक स्टॉक रखने की भी अनुमति नहीं होगी। वहीं, 10 मीट्रिक टन प्रतिमाह खपत वाले बल्क कंज्यूमर्स 15 दिन से अधिक का स्टॉक नहीं रख सकेंगे।



# फिर भयंकर 92 मिमी बारिश से पानी पर तैरा शहर

**▸▸शिवचौक और गोल मार्केट समेत तमाम इलाके पानी से लबालब ▸▸कई दौर में पानी बरसने से जनजीवन हुआ बुरी तरह से प्रभावित**

**मुजफ्फरनगर, 22 अगस्त (बु.)।** मानसून की एक और ताबड़तोड़ बारिश के बाद लोग त्राहिमाम कर उठे हैं। आज सुबह से जोरदार बारिश का दौर दोपहर बाद तक थोड़े अंतराल के बीच चलता रहा। इसमें सुबह के समय हुई बारिश ने एक बार फिर शहर का भूगोल बदल दिया। गोल मार्केट और शिवचौक से लेकर शहर की तमाम सड़कों और गलियों में एक बार फिर वैसा ही नजारा दिखा जैसा मंगलवार को दिखाई दिया था। पूरा शहर पानी पर तैरता नजर आया। एक बार फिर दुकानों और घरों में पानी घुसा तो लोग इंद्रदेव से बारिश रोकने की प्रार्थना करते दिखाई दिए। नगर में आज 92 मिमी बारिश दर्ज की गई। बारिश के बाद अधिकतम तापमान 29.3 और न्यूनतम 25.6 डिग्री दर्ज किया गया। इससे उमस से राहत मिली। हालांकि बारिश के चलते शहर में जन जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ और स्कूल कॉलेजों में भी उपस्थिति प्रभावित हुई।

इस मौसम में कई बड़ी बारिशें झेल चुके शहर को एक बार फिर इंद्रदेव ने बादलों को बरसने का आदेश दिया तो सुबह से ही अंधेरी देकर घिरे काले बादलों ने वो कोहराम मचाया कि जिंदगी एक बार थम सी गई। बारिश शुरू होने के थोड़ी ही देन बाद शहर में एक बार फिर जल थल एक होते दिखे। शिवचौक, एसडी कॉलेज मार्केट, रुड़की रोड, मेरठ रोड, अंसारी रोड, साकेत, मदीना कॉलोनी, नुमाइश कैंप, रामपुरी, जनकपुरी, नई आबादी खालापार, गांधी कॉलोनी समेत तमाम इलाकों में भारी जल भराव के हालात एक बार फिर से शहर वासियों पर भारी पड़े। सुबह काम पर निकलने वालों के कदम ठिठक गए। स्कूल कॉलेजों के लिए बच्चों को भेजने से खुद अभिभावकों ने रोक दिया। दुकानदार भी दुकानें खोलने के लिए बारिश थमने का इंतजार करते रहे। बारिश थी कि कभी धीमी तो कभी काफी तेज हवाओं के साथ शहर को डुबोती रही। इससे शहर समेत जिले भर में हालात बिगड़े नजर आए। तुलसीपार्क, एसडी कॉलेज मार्केट पानी का तालाब बने नजर आए। यही हालात तमाम ऐसे इलाकों में दिखे, जहां जमीन काफी नीची है। बारिश के बाद तमाम स्थानों पर लोग अपने घरों की छतों को टपकने से बचाने और घरों व दुकानों में भरे पानी को साफ करने में जुटे दिखाई दिए। बारिश लगातार जारी रहने से लोगों के परेशानी और बढ़ गई।





शत्-शत् नमन

३५ वी पुण्यतिथि



स्वर्गीय श्री ओमप्रकाश पुरी

24 जून 1930 - 23 अगस्त 1991

यं हि न व्यथयन्त्येते पुरूषर्षभ।
समदु:खसुखं धीर सोऽमृतत्वाय कल्पते।।

श्रद्धानवत्

समस्त परिजन एवं कर्मचारीगण

PURI VALVE

पुरी इण्डस्ट्रीज

मुजफ्फरनगर, उ0प्र0

65 years and ahead Since 1961

Manufacture of water work and industrial valves

Approved by UP JAL NIGAM

इंडियनऑयल

PURI ENERGIES

(Retail Outlet IOCL)

9th KM stone, Jansath Road, Muzaffarnagar



